[21/9/2020]

प्रश्न सं. [क्र. 254]

कार्यालय ग्राम पंचायत वैशपुरा जनपद पंचायत लहार जिला भिण्ड (म0प्र0)

प्रति

श्रीमान थाना प्रभारी महोदय

थाना लहार जिला भिण्ड

विषय– ग्राम पंचायत वैशपुरा द्वारा ग्राम छिवाउली न01 में निर्मित गौशाला की दीवारों को तोडकर पटक दिया तथा सामान ले जाने बाबत।

महोदय

विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत वैशपुरा द्वारा ग्राम छिवाउली न01 में कलेक्टर जिला भिण्ड द्वारा स्वीकृत शासकीय भूमि पर गौशाला का निर्माण कराया जा रहा था। जिसको पूर्व में कुछ लोगों द्वारा कारीगरो एवं मजदूरों को निर्माण करने से रोकने एवं कारीगरों एव जान से मारने की धमकी देकर घटना घटित की थी जिसकी सूचना दिनांक 24.03.2020 को श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार को सरपंच द्वारा एवं आपको सम्बन्धित कारीगरो एवं मजदूरों द्वारा दी गई थी। आज दिनांक 29.03.2020 की बीती रात्रि करीब रात्रि 12 बजे की घटना है गौशाला की दिवालो का निर्माण करीब पूर्ण होकर बंद था। यहा सीमेन्ट व सरिया आदि सामान की सुरक्षा बाबत कल्यानसिंह पुत्र मंगल सिंह जाति खगरा निवासी वैशपुरा तथा उसका साला चन्दनसिंह पुत्र गोटीराम जाति खगार निवासी चौरई रात्रि में रूके हुए थे। तभी ग्राम छिवाउली न01 के करीब 15–16 लोग जिनमें हरगोविन्द पुत्र बालादीन, अनिल पुत्र मुन्ना, मुन्ना पुत्र जगदीश, बन्टी पुत्र पवन, महेश पुत्र दुर्गादास, राजू पुत्र दुर्गादास, अतुल पुत्र महेश, रोनू पुत्र महेश, कैलाश पुत्र श्रीराम, अनूप पुत्र कैलाश, दीपक पुत्र कैलाश तथा दिलीप पुत्र नरेश को मे जानता हूँ ने आकर निर्मित गौशाला की दीवालों को पटकने लगे मै चिल्लाया तो मेरी आवाज सुनकर श्री रणवीरसिंह पुत्र हरनारायण एवं श्री अनुरूद्ध पुत्र देवेन्द्रसिंह निवासी ग्राम वैशपुरा जो हार मे रखी कटी फसल को रखा रहे थे वहाँ पर आ गये इनके सामने सभी लोगो ने कल्यान व उसके साले को माँ बहिन की भद्दी–2 गालियाँ दी तथा बोले खगरा वाले मादरचोद तू चौकीदारी क्यों करता है तुझे जान से मार देंगे रणवीर व अनुरूद्ध ने इन लोगो को बचाया पूरी घटना देखी और कल्यान एव उसके साले चन्दन को वहाँ निकालकर लाये घटना घटित करने वाले सभी लोग मौके पर रखी सीमेण्ट की करीब 60 बोरी और सरिया लगभग 15 क्विटल उठा ले गये तथा निर्मित दीवाले पटक कर करीब 7 लाख रूपये का नुकसान किया। पूरी घटना मुझे आज सुबह सामान की सुरक्षा के लिए रखे गये कल्यान एव चन्दन व उनके साथ आये श्री रणवीरसिंह व अनुरूद्धसिंह ने बताई।

अतः उचित कार्यवाही हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत है। सम्बन्धितों के खिलाफ कार्यवाही की जाये।

दिनांक– 29.03.2020

अमर सिंह

सचिव

ग्राम पंचायत वैशपुरा

जनपद लहार जि0 भिण्ड

AIG of Police
CID, M.P., BHOPAL

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन,
गृह (पुलिस) विभाग, बी (1)
मंत्रालय, भोपाल.